भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4850**

**23 जुलाई, 2019 को उत्तरार्थ**

**विषय: किसानों का आंदोलन**

**4850. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः**

**क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार पूर्ण रूप से ऋण मुक्त किसान और सभी कृषि उपजों के लिए डेढ़ गुना अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसी प्रमुख मांगों के संबंध् में देश में 187 विभिन्न किसान संगठनों द्वारा शुरू किए गए आंदोलन से अवगत है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ख) क्या इन किसान संगठनों द्वारा शुरू किया गया यह आंदोलन पूरे देश में बड़े पैमाने पर फैल रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने किसानों को उनकी कृषि उपज की वास्तविक उत्पादन लागत की तुलना में डेढ़ गुना अधिक लाभ देने का आश्वासन दिया है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इसे कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री**

**(श्री नरेंद्र सिंह तोमर)**

(क) और (ख) समय-समय पर, देश के कुछ हिस्सों में किसान संगठन कृषि ऋण माफ करने, न्यूनतम समर्थन बढ़ाने और अन्य कृषि नीतियों जैसे कृषि क्षेत्र से संबंधित कुछ मुद्दे उठाते रहे है, जिसका सरकार द्वारा संज्ञान लिया जाता है।

(ग) और (घ) सरकार, वर्तमान में कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर संबंधित राज्य सरकारों और केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों के मंतव्यों पर विचार करने के बाद 22 अधिदेशित कृषि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और गन्ने के लिए उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) निर्धारित करती है। इसके अलावा, तौरिया और छिलका रहित नारियल का एमएसपी भी क्रमश: रेपसीड/सरसों और कोपरा के एमएसपी के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

2018-19 के केन्द्रीय बजट में एमएसपी को उत्पादन लागत के कम से कम डेढ़ गुणा के स्तर पर रखने के पूर्व निर्धारित सिद्धांत की घोषणा की गई थी। तदनुसार, सरकार ने 2018-19 मौसम के लिए अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के ऊपर कम से कम 50 प्रतिशत मुनाफे के साथ सभी अधिदेशित फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि की है। सरकार ने अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के ऊपर कम से कम 50 प्रतिशत मुनाफा देने के सिद्धांत के अनुरूप हाल ही में 2019-20 के लिए सभी खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है।

*****